1	2	3	4	5
9.	S. B. ROY	—	14/1/1991	28/1/2007
10.	N.G. DAS	—	14/1/1991	28/4/1998
11.	J. N. SARMA	—	07/05/1993	01/11/2002
12.	A. K. PATNAIK	13/01/1994	—	03/06/2011
13.	B. N. SINGH 'NEELAM'	—	16/03/1994	10/02/2001

विधि प्रकाशनों के हिन्दी संस्करण

4168. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कतिपय विधि प्रकाशनों तथा विधि पुस्तकों के हिन्दी संस्करण अभी तक उपलब्ध नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा ऐसे प्रकाशनों के हिन्दी संस्करण उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(घ) ऐसे प्रकाशनों के हिन्दी संस्करणों की मांग करने वाले राज्यों के नाम क्या-क्या हैं तथा इसे कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इसंगजु भारद्वाज): (क): जी हां।

(ख) और (ग): विधि साहित्य प्रकाशन द्वारा हिन्दी में प्रकाशित 29 विधि पुस्तकों में से इस समय 15 पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध नहीं है। इन 15 पुस्तकों में से 7 पुस्तकें उनके पुनरीक्षित संस्करण प्रकाशित किए जाने के लिए संपादन के विभिन्न चरणों में है। शेष 8 पुस्तकों की मांग नहीं है और इसलिए उन्हें पुनः मुद्रित न कराने का प्रस्ताव है। उन पुस्तकों के ब्यौरे, जो इस समय विक्रय के लिए उपलब्ध नहीं है, संलग्न विवरण में उपदर्शित किए गए हैं। (नीचे देखिए)

(घ): इन पुस्तकों की मांग मुख्यतः मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान राज्यों में है। ये पुस्तकें, उनके पुनर्मुद्रण के उपलब्ध होते ही, इन राज्यों को प्रदाय कर दी जाएगी।

विवरण

विधि साहित्य प्रकाशन

क्रम सं॰	पुस्तक का नाम	लेखक
	पुस्तकें जो स्टाक में उपलब्ध नहीं है	
1.	साक्ष्य की विधि	आर॰ जी त्रिवेदी
2.	प्राइवेट (निजी) अंतर्राष्ट्रीय विधि	डा॰ पारस दीवान
3.	उत्तर प्रदेश भू-धृति विधि	उमेश कुमार
4.	संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882	विश्वामित्र शुक्ल
5.	आय-कर विधि	नाथूलाल जैन
6.	मध्य प्रदेश भू-विधि	शिवदयाल परमेश्वरदयाल श्रीवास्तव
7.	दंड विधि (भारतीय दंड संहिता के विनिर्दिष्ट अपराध)	डा॰ रामचंद्र निगम
8.	श्रम विधि	जी॰ के॰ अरोड़ा
9.	भारतीय संविधान के प्रमुख तत्व	डा॰ प्रद्युम्न कुमार त्रिपाठी
10.	कंपनी विधि	सुरेन्द्र नाथ
11.	संविदा विधि	रामगोपाल चतुर्वेदी
12.	अंतर्राष्ट्रीय विधि के प्रमुख निर्णय	डा॰ एस॰सी॰ खरे
13.	अपकृत्य विधि के प्रमुख निर्णय	डा॰ परमानंद सिंह
14.	भारत का सांविधानिक इतिहास	चन्द्रशेखर मिश्र
15.	चिकित्सा न्यायशास्त्र और विष-विज्ञान	डा॰सी॰ के॰ पारख (अनुवादक-डा॰ नरेन्द्र कुमार पटोरिया)